लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

कर्मशीलता के आधार पर राजस्थान ने अर्थ जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है': लोक सभा अध्यक्ष

फरीदाबाद, 5 सितम्बर 2019 : आज फरीदाबाद में राजस्थान एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में व्यापारियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एसोसिएशन से जुड़े सभी लोग इसी तरह सक्रिय रूप से देश सेवा के लिए अपना दायित्व निभाते रहेंगे।उन्होंने कहा कि नागरिक अभिनंदन ने उनकी जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है और यही स्नेह ही उन्हें इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए नई ऊर्जा देता है।

श्री बिरला ने कहा कि राजस्थान की धरती वीरों की धरती है। त्याग, तपस्या, समर्पण की धरती है। बहुमुखी प्रतिभाओं की धनी धरती है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि सब मिलकर इस धरती के मान को और ऊँचा ले जाने के लिए मिलकर प्रयास करें।

राजस्थान की आर्थिक जगत में विशेष स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कर्मशीलता के आधार पर राजस्थान ने अर्थ जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है और साथ ही सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के माध्यम से सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने का कार्य भी किया है। एसोसिएशन से जुड़े लोगों की प्रशंसा करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आप सभी कठिन परिश्रम और ज्ञान अनुभव से देश के विकास और गौरव में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी और व्यापारिक गतिविधियों का सम्मान होना चाहिए क्योंकि उन्ही से लोगो को रोजगार के द्वारा घरों में उजाला होता है। व्यापारियों ने आजादी के संघर्ष में भी धन बल के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों को लगना चाहिए कि सरकार उनसे जुड़ी है और उनके लिए संसद जैसी संस्थाएं खड़ी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि हमें 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनना है तो हमें यह प्रयास करना पड़ेगा कि निर्यात बढ़ता रहे और अर्थतंत्र मजबूत रहे। इसमें व्यापारियों का योगदान बहुत जरूरी है।

श्री विपुल गोयल, उद्योग और वाणिज्य मंत्री,हरियाणा सरकार, ने श्री बिरला का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संसद के कामकाज में उल्लेखनीय सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जिसका बड़ा श्रेय श्री बिरला को जाता है।

RAJASTHAN HAS CARVED OUT A DISTINCT IDENTITY IN THE WORLD ON THE BASIS OF THE INDUSTRIOUS NATURE OF ITS PEOPLE: LOK SABHA SPEAKER

Faridabad 06 September 2019: Speaking at a civic reception organized by Rajasthan Association in Faridabad today, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla said that the contribution of traders in the progress of the nation is commendable. He hoped that all the people associated with the association would continue to carry out their duty to serve the country in the same way.

Shri Birla said that the land of Rajasthan is the land of heroes. It is the land of sacrifice, penance, and dedication. It is the land versatile ability and diversity. He called upon everyone to work together to honor the traditions and values of Rajasthan.

Referring to the special situation of Rajasthan in the economic world, he said that on the basis of the industriousness of its people, Rajasthan has carved out its own identity in the economic world. People of Rajasthan have also worked to strengthen the social fabric by contributing to works related to social causes and concerns. Praising the people connected with the association, Mr. Birla said that all of them contribute to the development and pride of the country through their hard work, knowledge, and experience.

He said that merchants and trade activities should be respected as they provide livelihood to many people and act in peoples' interest. He also said that merchants contributed significantly to the struggle for independence through their monetary contributions.

He said that traders should feel that the government is connected to them and institutions like Parliament are standing for them. He stressed that if we want to become a 5 trillion economy, then we have to make an effort to keep the exports growing and the economy strong. The contribution of traders is very important in this.

Shri Vipul Goyal, Minister of Industry and Commerce, Government of Haryana, welcomed Shri Birla, saying that under his leadership there was a remarkable improvement in the functioning of Parliament. He said that this is a historical achievement whose great credit goes to Mr. Birla.